## एक नजर में

### राहुल गांधी की गिरफ्तारी के विरोध में पूरे जिले में हुआ विरोध

**नरसिंहपुर।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी की गिरफ्तारी के विरोध में पूरे जिले में हुए विरोध प्रदर्शन जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुनीता पटेल के नेतृत्व में गाडरवारा एस डी एम कार्यालय पर धरना-प्रदर्शन किया, जिला मुख्यालय नरसिंहपुर में कलेक्टट्रेट पर पूर्व विधायक सुनील जायसवाल के नेतृत्व में, करेली में भी सभी वरिष्ठ नेताओं एवं कार्यकर्ता देर रात तक धरना प्रदर्शन पर बैठे रहे, उपरोक्त सभी कार्यक्रम कांग्रेस में वरिष्ठ नेतागण, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक अध्यक्ष,नगर अध्यक्ष, युवा कांग्रेस, महिला कांग्रेस, सेवादल, इंटक के पदाधिकारि एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ग्रामों में वैज्ञानिक कचरा प्रबंधन को मिलेगा बढ़ावा

**नरसिंहपुर।** स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) के अंतर्गत ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम-2026 के प्रभावी क्रियान्वयन तथा ग्राम स्तर पर स्वच्छता एवं निगरानी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से बुधवार को जनसुनवाई हॉल नरसिंहपुर एवं जनपद पंचायत गोटेगांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए गए। नरसिंहपुर में आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री गजेन्द्र सिंह नागेश ने ग्राम पंचायतों को ठोस अपशिष्ट प्रबंधन के सभी प्रावधानों का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। वहीं जनपद पंचायत गोटेगांव में ग्राम पंचायतों के सरपंचों, सचिवों, ग्राम रोजगार सहायकों एवं स्वच्छता कर्मियों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया।

### शर्ट पेंटिंग प्रतियोगिता में 156 विद्यार्थियों ने दिखाई रचनात्मकता

**नरसिंहपुर।** विश्व बाघ दिवस 2026 के उपलक्ष्य में वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व सागर द्वारा पीएम श्री एमएलबी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुर में वन्यजीव संरक्षण विषय पर शर्ट चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन मंगलवार को किया गया। इस प्रतियोगिता में नरसिंहपुर विकासखंड के 10 विद्यालयों के कुल 156 छात्र- छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वन विभाग द्वारा सभी प्रतिभागियों को सफेद शर्ट प्रदान की गई, जिन पर विद्यार्थियों ने बाघ सहित विभिन्न वन्य प्राणियों के आकर्षक चित्र उकेरे। कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में वन्यजीवों के प्रति प्रेम, संरक्षण और समर्पण की भावना विकसित करना रहा।

### किसान 31 जुलाई तक कराएं फसल का बीमा

**नरसिंहपुर।** किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग नरसिंहपुर ने जिले के सभी किसानों से अपील की है कि वे प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ वर्ष 2026-27 की अधिसूचित फसलों का बीमा 31 जुलाई 2026 की अंतिम तिथि से पहले अनिवार्य रूप से कराएं। यह योजना किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाले फसल नुकसान के विरुद्ध मजबूत आर्थिक सुरक्षा प्रदान करती है। योजना के तहत जिले में धान (असिंचित एवं सिंचित), मक्का, सोयाबीन, तुअर और उड़द फसलों को शामिल किया गया है। किसानों को बीमित राशि का मात्र 2 प्रतिशत प्रीमियम अदा करना होगा, जबकि शेष प्रीमियम शासन द्वारा वहन किया जाता है।

### जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में नि:शुल्क क्लब फुट शिविर

**नरसिंहपुर।** जिला चिकित्सालय नरसिंहपुर में राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम- आरबीएसके के अंतर्गत जन्मजात टेड़े-मेड़े पैरों (क्लबफुट) के उपचार एवं परामर्श के लिए एक विशेष नि:शुल्क शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी एवं सिविल सर्जन नरसिंहपुर के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ, जिसमें बच्चों को विशेषज्ञ उपचार उपलब्ध कराया गया। शिविर में कुल 35 बच्चों की स्क्रीनिंग कर उनके स्वास्थ्य की जांच की गई। चिकित्सकों द्वारा बच्चों की स्थिति के अनुसार तत्काल उपचार प्रक्रिया प्रारंभ की गई, जिसके तहत 6 बच्चों का प्रथम चरण में प्लास्टर किया गया, 2 बच्चों की टेनटॉमी (माइनर सर्जरी) की गई।

# पहली ही बारिश में ढही निर्माणाधीन पुलिया

## तुमड़ा-मेहरागांव मार्ग पर आवागमन ठप, स्कूली बच्चों और ग्रामीणों को भारी परेशानी

- सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल
- निर्माण की गुणवत्ता सवालों के घेरे में



**ग्रामीणों की प्रमुख मांगें**

- निर्माणाधीन पुलिया की तकनीकी की जांच कराई जाए।
- दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई हो।
- पुलिया का शीघ्र एवं गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराया जाए।
- पूरे सड़क निर्माण कार्य की गुणवत्ता की स्वतंत्र जांच कराई जाए।

**नवभारत/ नरसिंहपुर/ साईखेड़ा।** प्रदेश में करोड़ों रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य कराए जा रहे हैं, लेकिन कई स्थानों पर निर्माण की गुणवत्ता सवालों के घेरे में है। ऐसा ही मामला साईखेड़ा क्षेत्र के ग्राम तुमड़ा से मेहरागांव-सिरसिरी मार्ग पर सामने आया है, जहां निर्माणाधीन पुलिया पहली ही बारिश में धराशायी हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश है और निर्माण एजेंसी व ठेकेदार पर घटिया निर्माण का आरोप लगाया जा रहा है। ग्रामीणों के अनुसार महेश्वर से मेहरागांव के बीच बनाई जा रही पुलिया मामूली बारिश का भी सामना नहीं कर सकी और पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिया ढहने से मार्ग पर आवागमन बंद हो गया, जिससे आसपास के कई गांवों के लोगों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। इसका सबसे अधिक असर स्कूली बच्चों पर पड़ा। स्कूल बसें आगे के गांवों तक नहीं पहुंच सकीं, जिसके कारण कई छात्र-छात्राएं विद्यालय नहीं जा सके। किसानों, मजदूरों और ग्रामीणों को भी रोजमर्रा के कार्यों के लिए लंबे वैकल्पिक मार्ग का सहारा लेना पड़ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता मानकों की अनदेखी की गई है और घटिया सामग्री का उपयोग किया गया, जिसके कारण पुलिया पहली ही बारिश में ढह गई। उनका कहना है कि यदि निर्माण कार्य निर्धारित मानकों के अनुसार किया गया होता तो ऐसी स्थिति उत्पन्न नहीं होती। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से पूरे निर्माण कार्य की उच्चस्तरीय तकनीकी जांच कराने, दोषी ठेकेदार और संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने तथा पुलिया का गुणवत्तापूर्ण पुनर्निर्माण कराने की मांग की है। उनका कहना है कि सरकारी धन से होने वाले विकास कार्यों में लापरवाही किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जानी चाहिए।

# श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से 18 मूर्तियां चोरी



**नवभारत/ करेली।** करेली क्षेत्र के ग्राम सगोरिया स्थित प्राचीन श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर में अज्ञात चोरों ने देर रात बड़ी चोरी की वारदात को अंजाम देते हुए भगवान की 18 मूर्तियां की चोरी कर लीं। घटना के बाद जैन समाज सहित पूरे क्षेत्र में आक्रोश और चिंता का माहौल है। सूचना मिलते ही पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई ।प्राप्त जानकारी के अनुसार, घटना मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात लगभग 12 बजे के आसपास की बताई जा रही है। अज्ञात बदमाश मंदिर में प्रवेश कर भगवान की 14 छोटी एवं 4 बड़ी पीतल की मूर्तियां अपने साथ ले गए। चोरी हुई मूर्तियों में भगवान पार्श्वनाथ, भगवान शांतिनाथ, भगवान पद्मप्रभु एवं भगवान महावीर स्वामी की प्रतिमाएं शामिल हैं ।घटना की सूचना मिलते ही एसडीओपी मनोज गुप्ता एवं करेली थाना प्रभारी (नगर निरीक्षक) रत्नाकर हिग्वे पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। घटना की गंभीरता को देखते हुए डॉग स्क्वायड और फॉरेंसिक टीम को भी बुलाया गया, जिन्होंने मंदिर परिसर और आसपास के क्षेत्र से महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाने का कार्य शुरू किया ।पुलिस द्वारा मंदिर परिसर, आसपास के रास्तों तथा संभावित भागने के मार्गों की बारीकी से जांच की जा रही है। साथ ही आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि आरोपियों तक जल्द पहुंचा जा सके।

### बीते 24 घंटे में औसतन 43 मिमी वर्षा दर्ज

**नरसिंहपुर।** जिले में एक जून से 22 जुलाई तक की अवधि में औसत रूप से कुल 300.8 मिमी अर्थात 11.84 इंच वर्षा दर्ज की गयी है। 22 जुलाई की सुबह तक बीते 24 घंटे में जिले में औसतन 43 मिमी अर्थात 1.69 इंच वर्षा दर्ज की गई है। इस दिन तहसील नरसिंहपुर में 61 मिमी, गाडरवारा में 36 मिमी, गोटेगांव में 21 मिमी, करेली में 65 मिमी और तेंदूखे ?ा में 32 मिमी वर्षा आंकी गई है। तहसीलदार भू-संसाधन एवं प्रबंधन से प्राप्त जानकारी के अनुसार 22 जुलाई तक तहसील नरसिंहपुर में 323 मिमी, गाडरवारा में 342, गोटेगांव में 181 मिमी, करेली में 277 मिमी और तेंदूखे ?ा में 381 मिमी वर्षा आंकी गई है। इसी अवधि में पिछले वर्ष जिले में औसतन 638.60 मिमी अर्थात 25.13 इंच वर्षा हुई



# अस्पताल में जा घुसा चीतल

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** बुधवार को एक चीतल भागते हुए सीधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र तेंदूखेड़ा में डाक्टर के कक्ष में जा घुसा ।चीतल को देख सभी अचंभित रह गये। हमारे प्रतिनिधि को मिली जानकारी के अनुसार समीप पहाड़ी क्षेत्र से विचरण करते हुए एक चीतल तेंदूखेड़ा के समीप खेतों तरफ जा पहुंचा उस पर पालतू कुत्तों की नजर पड़ गई और उसका पीछा कर दिया चीतल भागते हुए नगर की तरफ भाग खड़ा हुआ जो भागते हुए सीधा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में पीछे तरफ से डाक्टर कक्ष में जा घुसा। स्वास्थ्य कर्मियों ने बाहर से दरवाजे बंद कर दिया और वन कर्मियों को सूचना दी मौके पर पहुंचे वन कर्मियों ने रेस्क्यू कर सकुशल पकड़कर जंगल में छोड़ दिया। प्रभारी डिप्टी रेंजर ने बताया कि नर चीतल के मुंह में हल्की चोंटे थीं जिसका इलाज कराने के उपरांत जंगल में छुडवा दिया गया।

**कीचड़ युक्त मार्ग पर चलना बनी मजबूरी**

# कालोनाइजरों की मनमानी से परेशान उपभोक्ता

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** कालोनी का नाम देकर खेतों में प्लाट काटकर मूलभूत सुविधाओं को नजरंदाज कर अपनी मनमानी पर उतारू कालोनाइजरों पर उचित दंडात्मक कार्यवाही ना हो पाना चर्चा का विषय बना हुआ है। वहीं कालोनीवासियों को कीचड़ युक्त मार्ग से चलना और नालियों में बजबजाती गंदगी से मच्छरों की संख्या में दिनों-दिन बढ़ती संख्या से विभिन्न प्रकार की संक्रामक



बीमारियां पनप रही है।इन सभी विसंगतियों को लेकर उपभोक्ताओं के द्वारा सामूहिक रूप से तेंदूखेड़ा से लेकर नरसिंहपुर कलेक्टर तक आवश्यक कार्रवाई हेतु आवेदन भी दिया गया है लेकिन अभी तक कोई उचित कार्यवाही ना हो पाना सोचनीय विषय बना हुआ है। हमारे प्रतिनिधि को कालोनीवासियों ने बताया कि कालोनाइजर का लाइसेंस निरस्त हो जाने विकास शुल्क जमा ना करने तथा कलेक्टर नरसिंहपुर के यहां से विकास अनुमति का प्रकरण भी खारिज हो जाने के बाद खसरा नंबर 237/1 कुल रकवा 0.1650 वर्ष 2013-14 से राजस्व एवं दीवानी अदालतों में गंभीर रूप से गंभीर रूप से विवादित रहा है फिर भी कालोनाइजर अपनी मनमानी करता रहा है। स्थानीय नगरीय प्रशासन के समक्ष विकास अनुमति अबैध निर्माण कार्यों को छिपाने अनाधिकृत रूप से प्लाटिंग करने एवं कूट रचित तरीके से गलत जानकारी देकर तथा नगर ग्राम निवेश विभाग के समक्ष गलत जानकारी देने जैसे गंभीर आरोप लगे हुए हैं।

# सेंट्रल पब्लिक एकेडमी में नशे से दूरी है जरूरी अभियान

**नवभारत/ साईखेड़ा।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा विकासखंड साईखेड़ा के सेंट्रल पब्लिक एकेडमी विद्यालय में नशे से दूरी है जरूरी अभियान के अंतर्गत नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन को नशे के दुष्प्रभावों से अवगत कराकर समाज में नशामुक्ति का संदेश फैलाना था। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी दी गई तथा उन्हें अपने परिवार, गांव और नगर तक नशामुक्ति का संदेश पहुंचाने के लिए प्रेरित किया गया। इस अवसर पर सभी विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने नशा न करने तथा




समाज को नशामुक्त बनाने की शपथ भी ली। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए खेल एवं युवा कल्याण विभाग, विकासखंड साईखेड़ा के ब्लॉक युवा समन्वयक पवन राय ने कहा कि नशा व्यक्ति के जीवन के लिए अभिशाप है। इससे तन, मन और धन तीनों की हानि होती है। नशे की लत व्यक्ति के स्वास्थ्य को गंभीर रूप से प्रभावित करने के साथ-साथ परिवार और समाज में भी अनेक समस्याएं उत्पन्न करती है। उन्होंने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहें और दूसरों को भी इसके प्रति जागरूक करें। विद्यालय के संचालक राकेश शर्मा ने भी विद्यार्थियों से अनुशासित जीवन अपनाने, शिक्षा पर ध्यान देने तथा नशे जैसी सामाजिक बुराई से दूर

**ऑपरेशन ईगल क्लॉ का बड़ा प्रहार**

# पुलिस ने 72 ग्राम स्मैक के साथ दो तस्करों को दबोचा

- नशा मुक्ति अभियान 2 .0 के तहत 7 .20 लाख रुपये की स्मैक और दो मोबाइल जब्त, एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही

**नवभारत/ गाडरवारा।** जिले में नशे के कारोबार पर लगातार शिकंजा कसते हुए नरसिंहपुर पुलिस ने नशा मुक्ति अभियान 2.0 एवं ऑपरेशन ईगल क्लॉ के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए 72 ग्राम स्मैक के साथ दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जब्त स्मैक की अनुमानित कीमत 7 लाख 20 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन भी जब्त किए हैं। पुलिस अधीक्षक डॉ. ऋषिकेश मीना के निर्देशन में जिलेभर में नशे के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। एक ओर पुलिस युवाओं और आमजन को नशे के दुष्प्रभावों एवं कानूनी प्रावधानों के प्रति जागरूक कर रही है, वहीं दूसरी ओर अवैध मादक पदार्थों के कारोबार में संलिप्त अपराधियों पर लगातार सख्त कार्यवाही की जा रही है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया एवं एसडीओपी गाडरवारा ललित सिंह डागुर के मार्गदर्शन में थाना गाडरवारा पुलिस ने 18 जुलाई एवं 21 जुलाई 2026 को अलग-अलग कार्यवाही करते हुए दो स्मैक तस्करों को गिरफ्तार किया।



**गिरफ्तार आरोपी**

- नरेश रजक (35 वर्ष), पिता मुन्नालाल रजक, निवासी ग्राम धनौरा, थाना साईखेड़ा, जिला नरसिंहपुर।
- पुरुषोत्तम राजपूत (39 वर्ष), पिता गनेश सिंह राजपूत, निवासी ग्राम खमरिया, थाना साईखेड़ा, जिला नरसिंहपुर।

**पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका**

इस कार्यवाही में थाना प्रभारी निरीक्षक अशोक सिंह चौहान के नेतृत्व में सहायक उपनिरीक्षक राजेश तिवारी, प्रधान आरक्षक रामगोपाल सिंह राजपूत, वरिष्ठ आरक्षक रूपेन्द्र चौबे, महेन्द्र बावरिया, विश्वजीत ठाकुर, आरक्षक दिनेश पटेल, अक्षय श्रीवास्तव, सृजल भार्गव, यश मेहरा, आदर्श पाठक, देवेन्द्र सोनवंशी एवं महिला आरक्षक कुमुद पाठक की महत्वपूर्ण भूमिका रही।




# महिला इकाई की बैठक संपन्न

**नवभारत/** तेंदूखेड़ा अखिल भारतीय अग्रवाल महासभा महिला इकाई तेंदूखेड़ा द्वारा अग्रवाल भवन में समाज की सभी बहनों तथा जिला संगठन मंत्री सुजाता अग्रवाल नगर अध्यक्ष श्रद्धा अग्रवाल समिति के सभी निर्वाचित सदस्यों ने मिलकर महालक्ष्मी जी तथा 1008 श्री महाराजा अग्रसेन जी का पूजन अर्चन तथा आरती की सभी बहनों ने मिलकर सुहागा का आयोजन बड़ी धूमधाम से उत्साह पूर्वक सभी कार्यक्रमों में समाज की सभी बहनों ने बढ़-चढ़ कर भाग लिया। स्वल्पाहार के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ।

# गौ सम्मान अभियान को लेकर क्षेत्र में चल रहा हस्ताक्षर अभियान

- गौवंश को पूर्णत: सुरक्षित करने केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय बनाने की मांग

**नवभारत/** तेंदूखेड़ा आद्धशक्ति वेद लक्षणा गौ माता के सम्मान को लेकर संपूर्ण भारत वर्ष में गौ सम्मान अभियान चलाया जा रहा है ।इसी श्रंखला के चलते वृहद स्तर पर हस्ताक्षर करवा कर तीन चरणों में भारत के महामहिम राष्ट्रपति प्रधानमंत्री महामहिम राज्यपाल और प्रदेशों के मुख्यमंत्रियों को प्रार्थना पत्र सौंप कर राष्ट्रमाता घोषित करने की मांग की जा रही है। प्रथम चरण संपन्न हो चुका है। द्वितीय चरण 27 जुलाई को और तृतीय चरण 27अक्टूबर को संपन्न होना है। जिसमें संपूर्ण भारत वर्ष में गौ हत्या पूर्णत: समाप्त करने देशी गौवंश को पूर्णत: सुरक्षित करने केंद्रीय गौ सेवा मंत्रालय बनाने कानून बनाने गोचर वोर्ड बनाकर चारा सुरक्षित नीति गौ आधारित कृषि सुनिश्चित करने नंदी बाबा को संरक्षित करने जैसे विषयों को समाहित किया गया है। इसी तारतम्य में जिला प्रभारी राजू राजपूत और तहसील सहप्रभारी पं चंद्रकांत चौबे एवं अन्य पदाधिकारियों की उपस्थिति में लगातार बैठकों के माध्यम से जन जागरण किया जा रहा है। गांव गांव जाकर ग्रामीणों के बीच एवं युवा पीढ़ी को जोड़कर इस अभियान को जनअभियान का रुप दिया जा रहा है। विगत दिवस तेंदूखेड़ा में आयोजित एक बैठक में गौ माता में 33 कोटि के देवी देवताओं का वास होने दूध की ताकत गोबर और मूत्र से घरों की शुद्धता देशी गोबर खाद सहित विभिन्न विंदुओं पर विस्तार से प्रकाश डाला गया जिसमें नगर के सभी प्रतिष्ठित गणमान्य उपस्थित रहे। एवं आगामी 27 जुलाई को वरिया वाले हनुमान मंदिर पी डब्ल्यू डी कालोनी परिसर नरसिंहपुर से एक विशाल रैली के माध्यम से संत समाज के नेतृत्व में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपने में सभी वर्गों की सहभागिता की अपील की जा रही है।



# शोभायात्रा के साथ श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का शुभारंभ

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा।** भगवान बांके बिहारी की महती कृपा और पूर्वजों के आर्शीवाद से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का आयोजन चल रहे हैं ।इसी श्रंखला के चलते क्षेत्र के प्रतिष्ठित कोठारी परिवार द्वारा भगवान योगेश्वर के पावन धाम वृन्दावन में क्षेत्र के विशिष्ट विद्वान पंडित प्रमोद पचोरी के मुखारविंद से श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह का श्रीगणेश विशाल कलश यात्रा के साथ हुआ ।20जुलाई से 26जुलाई तक चलने वाली इस कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता पहुंच रहें हैं।

**जनगणना** | **समस्त कार्य मोबाइल एप के जरिए संपादित किया जाएगा**

# जनगणना हस्तपुस्तिका तैयार करने के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम

**नरसिंहपुर।** जनगणना 2027 के अंतर्गत जिला जनगणना हस्तपुस्तिका (District Census Hand Book-DCHB) तैयार करने के लिए 18 से 24 जुलाई 2026 तक जनपद पंचायत परिसर नरसिंहपुर परिसर में स्थित ई-दक्ष केन्द्र में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इस प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं कर्मचारियों को व्यापक रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है, ताकि जनगणना से जुड़े कार्यों को प्रभावी एवं समयबद्ध ढंग से संपादित किया जा सके। प्रशिक्षण के दौरान डीसीएचबी के अंतर्गत जिले के प्रत्येक गांव एवं नगर से संबंधित जनसांख्यिकीय, सामाजिक-आर्थिक तथा आधारभूत संरचना से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी के संकलन की प्रक्रिया को विस्तारपूर्वक समझाया गया। यह समस्त कार्य डिजिटल माध्यम, विशेष रूप से मोबाइल एप के जरिए संपादित किया जाएगा, जिससे डेटा संकलन में पारदर्शिता और सटीकता सुनिश्चित हो सके। प्रशिक्षणार्थियों को डीसीएचबी पोर्टल एवं मोबाइल एप के माध्यम से ग्राम निर्देशिका एवं नगर निर्देशिका तैयार करने, आंकड़ों के सत्यापन तथा समयबद्ध अपलोडिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी गई। इसके साथ ही विभिन्न प्रपत्रों के संधारण, ग्राम एवं नगरीय प्रोफाइल तैयार करने, आंकड़ों के संकलन एवं उनके भौतिक सत्यापन के संबंध में भी विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में पोर्टल पर लॉगिन, ऑनलाइन डेटा प्रविष्टि, त्रुटि सुधार तथा प्रोफाइल सबमिशन की प्रक्रिया का लाइव डेमो प्रस्तुत किया गया, जिससे प्रशिक्षणार्थियों को कार्य की व्यवहारिक समझ विकसित हो सके और वे निर्धारित मानकों के अनुरूप कार्य कर सकें।

**कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए**

प्रमुख जनगणना अधिकारी रजनी सिंह ने निर्देश दिए कि जनगणना का कार्य निर्धारित समय-सीमा में ही पूर्ण किया जाना है, अत: इसमें किसी प्रकार का विस्तार संभव नहीं होगा। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण एवं त्रुटिरहित कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

# विभिन्न समस्याओं को लेकर भीम आर्मी ने ज्ञापन सौंपा

**नवभारत/ तेंदूखेड़ा** विगत दिवस भीम आर्मी भारत एकता मिशन के द्वारा विभिन्न समस्याओं को लेकर एक ज्ञापन मुख्यमंत्री के नाम संबोधित एस डी एम तेंदूखेड़ा को सौंपा गया जिसमें तेंदूखेड़ा में संचालित शासकीय महाविद्यालय में विषय बढ़ाये जाने की मांग रखी गई। यहां पर बी ए विषय ही संचालित है ।अन्य विषय बी एस सी और कामर्श विषय भी संचालित हो। यहां के छात्रों को उक्त विषयों के लिए बाहर जाना पड़ता है ।इस महाविद्यालय में सागर रायसेन पड़ोसी जिले के आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों के छात्र छात्राएं भी यहां पढ़ने के लिए आते हैं। तथा रसोई गैस सिलेंडर वर्तमान में 45 दिनों में मिलने से उपभोक्ता



परेशान हो रहे हैं ।इसे घटाकर 20 दिन किया जाना चाहिए ।नल जल योजनाओं के माध्यम से पेयजलापूर्ति नियमित नहीं है और ग्रामीण क्षेत्रों में भारी अनियमितताएं बरती गई है ।जिसका समय रहते सुधार किया जाना चाहिए। यदि एक माह के भीतर समस्याओं का निराकरण नहीं किया जाता है तो भीम आर्मी द्वारा वृहद स्तर पर बड़ा आंदोलन किया जाएगा।